सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-423
13/09/2017

नार्वे के राजदूत श्री नील्स रैगनर कैमस्वैग ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 13 सितम्बर 2017 :– आज मुख्यमंत्री आवास एक अण्णे मार्ग में नार्वे के राजदूत श्री नील्स रैगनर कैमस्वैग ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान श्री नील्स रैगनर कैमस्वैग ने नीपी (नार्वे इंडिया पार्टनरशिप इनिसियेटिव) के प्रगति के संबंध में जानकारी दी। मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, एग्रो प्रोसेसिंग, विज्ञान एवं प्रावैद्यकी इत्यादी क्षेत्रों में कोलायब्रेशन पर चर्चा की गयी। राजदूत ने कहा कि नार्वे बिहार में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करना चाहता है, नार्वे बिहार में आर्थिक निवेश करने में इच्छुक है। नार्वे के राजदूत ने भारत के साथ अपने पुराने संबंधों के बारे में चर्चा की, कहा कि दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध शुरू से रहा है इसे और मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री ने नार्वे के राजदूत श्री नील्स रैगनर कैमस्वैग को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया। नार्वे के राजदूत ने भी मुख्यमंत्री को उपहार भेट दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा भी उपस्थित थे।

******